TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**09 अगस्त 2024**


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सीखना ही एकमात्र ऐसी चीज़ है जिससे मन कभी थकता नहीं, कभी डरता नहीं और कभी पछताता नहीं।

**लियोनार्डो दा विंची**



राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्ज्वल


## 09 अगस्त

1. **विश्व आदिवासी दिवस–** संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिम लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। पहली बार वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की थी।
2. **भारत छोड़ो आंदोलन दिवस–** वर्ष 1942 में, 9 अगस्त के दिन बम्बई (वर्तमान मुम्बई) के ग्वालिया टैंक मैदान में तिरंगा ध्वज फहराकर स्वतंत्रता की मांग बुलंद की गई थी। इसका उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य को वापस जाने की मांग करना था। 9 अगस्त के प्रातः तक गाँधी जी के साथ सरोजिनी नायडू और कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सभी सदस्य गिरफ्तार होने के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने इसे प्रचण्ड रूप दे दिया। सरकारी आँकड़ों के अनुसार इस जनआंदोलन में 140 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18000 डी आई. आर. में नजरबन्द हुए और 60229 गिरफ्तार हुए। इसी स्मृति में प्रति वर्ष 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस मनाया जाता है।
3. **नागासाकी दिवस–** द्वितीय विश्व युद्ध का दूसरा परमाणु बम 9 अगस्त, 1945 ई. को जापान के नागासाकी की शहर पर गिराया गया था। अमेरिका के बी–29 विमान के द्वारा 11:02 बजे यह हमला किया गया। इस बम का नाम 'फैट मैन' था। नागासाकी की शहर पहाड़ों से घिरा होने के बावजूद 6.7 वर्ग किमी. तक का क्षेत्र पुरी तरह बर्बाद हो गया था। इस हमले में लगभग 74000 लोगों की मृत्यु हुई थी। इस बम बर्षा के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध का लगभग अंत हो गया। इसी की स्मृति में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को नागासाकी दिवस मनाया जाता है।
4. **काकोरी कांड–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में 9 अगस्त, 1925 ई. की घटना को महत्वपूर्ण जगह दिया जाता है। इस दिन उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से कुछ दूरी पर स्थित काकोरी नामक स्थान पर भारत के क्रांतिकारियों ने रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 8 डाउन सहारनपुर–लखनऊ रेल को लूटा गया था। इस लूट कांड में अशफाक उल्ला खान, राजेन्द्र लाहिड़ी, चन्द्रशेखर आजाद, शचीन्द्र सन्याल समेत 10 क्रांतिकारी शामिल थे। इतिहासकारों के अनुसार इस डकैती से क्रांतिकारियों ने लगभग 4000 रु0 लूटे थे। हालांकि बाद में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 6 अप्रैल, 1927 ई. को इस मुकदमें का फैसला सुनाकर रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह को फाँसी दे दी गई। शचीन्द्र सन्याल एवं शचीन्द्र बख्शी को कालापानी की सजा तथा शेष व्यक्तियों को लम्बी कारावास की सजा दी गई थी। चन्द्रशेखर आजाद बाद में अल्फ्रेड पार्क, इलाहाबाद में स्वयं को गोली मार ली।

Friday

# जयंती विशेष 09 अगस्त

राकेश कुमार




**आचार्य शिवपूजन सहाय** *Acharya Shivpujan Sahay*, जन्म- 9 अगस्त, 1893, शाहाबाद, बिहार; मृत्यु- 21 जनवरी, 1963, पटना) हिन्दी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारम्भिक लेख 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे।

### मधु प्रिया

# विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त




हर वर्ष  विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस 2023 भी 9 अगस्त बुधवार के दिन मनाया जाएगा। यह दिवस पूरी तरह से विश्व के  आदिवासियों को समर्पित हैं। दरअसल, आदिवासी भारतीय उपमहाद्वीप की जनजातियों के लिए सामूहिक शब्द है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या का 8.6% या 104 मिलियन लोग आदिवासी हैं। मध्य भारतीय राज्य मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में जातीय जनजातियाँ हैं, जिनमें आदिवासी जनसंख्या का 20% या 15 मिलियन लोग हैं। जनजातियों का सम्मान करने और उनके सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को पहचानने के लिए, 9 अगस्त को आदिवासी दिवस,  एक क्षेत्रीय सार्वजनिक अवकाश है, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र के विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की तारीख है। दिसंबर 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाना चाहिए। यह तारीख 1982 में जिनेवा में आयोजित मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर उप-आयोग के स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक की मान्यता में चुनी गई थी।

राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.08.2024

## लोकन्याय

लोकन्याय का अर्थ है, समाज में प्रचलित और सुप्रसिद्ध उदाहरणों को एक नाम दे देना और उचित स्थान पर उस नाम का उपयोग करके कम शब्दों में बड़ी बात कह देना।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**प्रयागराज में गंगा नदी पर निर्माणाधीन केबल ब्रिज यह यूपी का सबसे लंबा केबल ब्रिज होगा। ब्रिज की लंबाई रोड समेत 9.9 किमी होगी और 1948 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है।**

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक से

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

**पेरिस ( फ़्रांस )**



## ओलिंपिक कुश्ती में वजन नापने की प्रोसेस

- एक कैटेगरी के सभी मुकाबले दो दिन में।
- पहलवान का दोनों दिन सुबह वजन।
- पहले दिन वजन के लिए 30 मिनट का समय।
- इस 30 मिनट में कई बार वजन चेक कर सकते हैं।
- दूसरे दिन वजन के लिए सिर्फ 15 मिनट का समय।
- वजन के बाद खिलाड़ियों का मेडिकल चेकअप।
- नाखून कटे हैं या नहीं यह चेक होता है।
- वजन के दौरान पहलवान सिर्फ कुश्ती का कॉस्ट्यूम पहन सकते हैं।

## TOB बूझो तो जानें..

445

गहरे सागर जाना है, तब ही इसको पाना है, बहुत अधिक है इसका मोल, खोल पहेली जल्दी खोल ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

9 अगस्त





HAPPY BIRTHDAY

भारत की पहली महिला जिम्नास्ट
पद्म श्री

## दीपा करमाकर

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
9 अगस्त 1993


Punita Kumari

www.teachersofbihar.org

# 9 अगस्त

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध उपन्यासकार
'पद्मभूषण'

# शिवपूजन सहाय



की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

9 अगस्त 1893 - 21 जनवरी 1963

**Punita Kumari**

www.teachersofbihar.org



Happy Birthday!

ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट

## दीपा कर्माकर


के जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं।

9 अगस्त 1993

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



हिंदी के प्रसिद्ध उपन्यासकार,
कहानीकार, पत्रकार

**शिवपूजन सहाय**

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

9 अगस्त 1893 - 21 जनवरी 1963

www.teachersofbihar.org


Madhu priya

9अगस्त 1892 - 27 सितंबर 1972

भारतीय पुस्तकालय
विज्ञान के जनक

डॉ एस.आर.रंगनाथन

की जयंती पर सादर
नमन।



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

हिंदी कथा साहित्यकार


# अभिमन्यु अनंत

की जयंती पर सादर नमन।

09 अगस्त 1937 - 4 जून 2018

www.teachersofbihar.org

Madhu priya






# भारत छोड़ो आंदोलन दिवस

समस्त शहीद वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन।



Madhu priya